Exam. Code : 103206 http://www.ghduonline.com

Subject Code : 1208

B.A./B.Sc. 6th Semester

HINDI ELECTIVE

(लघु विधाएं, आधुनिक काल, निबन्ध लेखन तथा पारिभाषिक शब्दावली)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

खण्ड—एक

नोट :— इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों का उत्तर लगभग **पाँच** पंक्तियों में दें। :—

1. 'Order has been communicated' से क्या अभिप्राय है ?
2. 'Further order will follows' का प्रयोग किस अर्थ में करते हैं ?
3. 'Obtain formal sanction' से क्या अभिप्राय है ?
4. 'Please expedite compliance' का क्या अर्थ है ?
5. 'Please circulate and file' का क्या अर्थ है ?
6. 'विचाराधीन काग़ज' के लिए अंग्रेजी में क्या वाक्यांश है ?
7. 'भुगतान के लिए पास किया गया' — का अंग्रेजी में अनुवाद करें।
8. 'आगे की कार्यवाई की प्रतीक्षा करें'— का अंग्रेजी में अनुवाद करें।
9. 'विसंगति का समाधान कर लिया जाए' — का अंग्रेजी में अनुवाद करें।
10. 'अग्रेषित और संस्तुत' का अंग्रेजी में अनुवाद करें। 10×2=20

खण्ड—दो

नोट :— यह खण्ड **चार** भागों (क, ख, ग, घ) में विभाजित है। भाग क और ख में से **दो-दो** प्रश्न तथा भाग ग और घ में से **एक-एक** प्रश्न करना अनिवार्य है। कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर लगभग **2** पृष्ठों में दें।

(खण्ड—क)

1. मैं किसी न किसी सचाई को व्यक्त करना चाहता हूँ, अपनी हर कहानी में, और यह काम केवल कोई घटना दिखाकर ही नहीं किया जा सकता। इसमें कोई नुक्ते की बात जरूर होनी चाहिए जो ठीक क्लाइमेक्स पर पहुँचा दे।

2. सौंदर्य वही है जिसमें सत्य की सृष्टि हो। साहित्यकार में सौंदर्य की अनुभूति जितनी अधिक होगी वह उतना ही बड़ा साहित्यकार होगा। मानव-प्रकृति के सूक्ष्म अध्ययन से सौंदर्य बोध पनपता है।

3. परन्तु अपनी कोई भी योजना बनाते समय यह विचार कभी उनके मस्तिष्क में न आता था कि वे जीवित रहेंगे या नहीं। जीवन को वह एक खेल समझते थे जिसे वह हँसी-खुशी खेलना चाहते थे, और उनमें से अधिकांश हँसते और खेलते हुए ही इस संसार से विदा हो गए।

4. वैसे अमेरिका जैसे प्रजातंत्र देश में सबके लिए रोजगार की गारंटी उसके लिए बहुत बड़ी विशेषता है और विकासशील देशों के लोग ऐसी रोजगार गारंटी की प्रतीक्षा बड़ी उत्सुकता से कर रहे हैं।

http://www.gnduonline.com

(खण्ड—ख)

1. 'आपने मेरी रचना पढ़ी' में रचनाकार क्या कहना चाहता है ?
2. 'जी चाहता है ... ' में लेखक क्यों महसूस करता है कि आत्महत्या कर लें ?
3. प्रेमचंद के जीवन का कौनसा चित्र देवेन्द्र सत्यार्थी के समक्ष उभरता है और उससे उन्हें क्या प्रेरणा मिलती है ?
4. 'सहानुभूति दिखाने पर' रचना में इन्द्रनाथ मदान क्या कहना चाहते हैं ?

(खण्ड—ग)

1. प्रसाद के काव्य की विशेषताएं लिखें।
2. मनोवैज्ञानिक उपन्यासों पर प्रकाश डालें।

(खण्ड—घ)

1. राजभाषा हिंदी का स्वरूप एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
2. राष्ट्रभाषा हिंदी के स्वरूप और विशेषताओं का उल्लेख करें।

$8 \times 6 = 48$

खण्ड—तीन

दो प्रश्नों का उत्तर दें :

1. राजेन्द्र प्रसाद जी ने अपने लेख में अहिंसा के तत्व को कैसे व्याख्यायित किया।

अथवा

'है कुछ ऐसी बात जो चुप हूँ' में लेखक किस स्थिति पर चर्चा कर रहा है ?

2. नई कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

अथवा

हिंदी कहानी के विकास को स्पष्ट करें। $2 \times 16 = 32$